केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

के.मा.शि.बो./शैक्ष./अ.प्रो.एवं सं.निदे.(न.ब.)/वि.चु./2026/ **दिनांक: 13.10.2026**

परिपत्र सं.: शैक्ष-67/2026

के.मा.शि.बो. से सम्बंधित सभी विद्यालयों के प्राचार्य

विषय: के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती - 2026-27

विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग है और यह हमें अपने आस-पास की दुनिया को समझने में मदद करता है। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा, अनुसंधान और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, के.मा.शि.बो., कक्षा VIII से X तक के विद्यार्थियों के लिए **'के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती'** आयोजित करता है। यह एक विद्यार्थी संवर्धन गतिविधि है जो वैज्ञानिक चिंतन को प्रोत्साहित करती है और उच्च-स्तरीय बोध कौशल को बढ़ावा देती है।

के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती का विवरण

- विज्ञान चुनौती गतिविधि दो चरण में आयोजित की जाएगी – विद्यालय स्तर पर और अंतर-विद्यालय स्तर पर।
- दोनों में से किसी भी चरण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए कोई शुल्क नहीं है।
- के.मा.शि.बो. से सम्बंधित विद्यालयों में कक्षा VIII से X तक के सभी विद्यार्थी प्रथम चरण में भाग लेने के पात्र हैं। **विद्यालय को इस चरण के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण करना होगा।** पंजीकरण का विवरण अनुलग्नक - 1 में है।
- द्वितीय चरण के लिए, प्रथम चरण में पंजीकृत प्रत्येक विद्यालय, उन सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों को नामांकित कर सकता है जिनका पंजीकरण पहले किया गया था (प्रत्येक भाग लेने वाली कक्षा से सर्वश्रेष्ठ 02 विद्यार्थी)।
- विज्ञान चुनौती के प्रश्न पत्र में विभिन्न प्रकार की विषय वस्तु पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए गति और सटीकता, दोनों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होगा।
- द्वितीय चरण के सभी प्रतिभागियों को बोर्ड द्वारा ऑनलाइन सहभागिता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

सभी विद्यालयों से अनुरोध है कि वे विद्यार्थियों को के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें विवेचनात्मक रूप से चिंतन करने, रचनात्मक रूप से प्रश्न पूछने और वैज्ञानिक तरीके से समस्याओं को हल करने के लिए प्रेरित करें। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **cbsesciencechallenge@cbseshiksha.in** पर ईमेल भेजें या **011-43354916** पर दूरभाष करें।

शुभकामनाओं सहित!

(डॉ. प्रज्ञा एम. सिँह)

प्रोफेसर एवं निदेशक (शैक्षणिक)

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को यह अनुरोध करते हुए प्रति भेजी जा रही है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों तक यह जानकारी पहुँचाए-:

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया,नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय,भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसायटी, कमरा सं .101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, डाकघर सैनिक स्कूल, नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेश निदेशक, (विद्यालय) संघ राज्य क्षेत्र, सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111
10. शिक्षा निदेशक, सरकार एएंडएन द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर–744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, भूतल, काउंसिल सचिवालय, कुरबाथांग, कारगिल, लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरा तल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश- 521456
13. निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, पुराना एचईसी हाई स्कूल, जेएससीए स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सैक्टर-III, धुर्वा, रांची-834004 (झारखंड)
14. नेवी एजुकेशन सोसाइटी, नौसेना शिक्षा निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय, वेस्ट ब्लॉक-वी, आरके पुरम, नई दिल्ली -110066
15. अपर महानिदेशक सेना शिक्षा, ए- विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली- 110001
16. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय, एकीकृत मुख्यालय, (सेना), एफडीआरसी भवन सं. 202, शंकर विहार, (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट- 110010
17. अध्यक्ष, के.मा.शि.बो. के उप सचिव
18. सचिव/ परीक्षा नियंत्रक/ सभी निदेशक, के.मा.शि.बो.
19. सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को संबंधित क्षेत्रों के बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के प्रमुखों को प्रेषित करें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/प्रधान निजी सचिव/वरिष्ठ निजी सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, के.मा.शि.बो.
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, के.मा.शि.बो.
22. प्रभारी आईटी इकाई, इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को के.मा.शि.बो. की शैक्षणिक वेबसाइट पर अपलोड करें।
23. प्रभारी, पुस्तकालय
24. रिकॉर्ड फ़ाइल

अनुलग्नक –1

दिनांक	गतिविधि	विवरण
14 अक्टूबर 2026 – 30 अक्टूबर 2026	प्रथम चरण हेतु विद्यालयों द्वारा पंजीकरण	के.मा.शि.बो. से सम्बंधित विद्यालय विज्ञान चुनौती पोर्टल पर https://cbseacadit.nic.in/sc/ के माध्यम से एल.ओ.सी विवरण का उपयोग करके लॉगिन करेंगे तथा प्रथम चरण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या भरेंगे।
02 नवंबर 2026 – 13 नवंबर 2026	विद्यालय स्तर पर प्रथम चरण का आयोजन	दिनांक 02 नवंबर 2026 को बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित विज्ञान चुनौती प्रश्न पत्र तथा मूल्यांकन संबंधी मानदंड पंजीकृत विद्यालयों के लिए उसी पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए जाएँगे। विद्यालय पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए प्रथम चरण की विज्ञान चुनौती का आयोजन निर्धारित अवधि के दौरान करेंगे।
17 नवंबर 2026 – 25 नवंबर 2026	द्वितीय चरण हेतु विद्यालयों द्वारा पंजीकरण	विद्यालय प्रथम चरण में निर्धारित किए गए कार्यों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर कक्षा VIII से X तक के विद्यार्थियों में से कुल 06 विद्यार्थियों (प्रत्येक कक्षा से 02 विद्यार्थी) का चयन करेंगे तथा चयनित विद्यार्थियों का द्वितीय चरण हेतु के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती पोर्टल पर पंजीकरण करेंगे।
30 नवंबर 2026 – 04 दिसंबर 2026	द्वितीय चरण का आयोजन (कंप्यूटर आधारित)	बोर्ड द्वारा पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित विज्ञान चुनौती का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा किसी एक दिन आयोजित की जाएगी, (जिसकी सूचना समयानुसार दी जाएगी) परीक्षा संभावित रूप से दिनांक 30 नवंबर 2026 से दिनांक 04 दिसंबर 2026 के बीच आयोजित होगी। केवल वे विद्यालय, जिन्होंने प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है तथा तत्पश्चात द्वितीय चरण के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया है, इस चरण में भाग लेने के पात्र होंगे। *द्वितीय चरण के आयोजन के प्रक्रियाएं एवं दिशा-निर्देश उन विद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएँगे, जो चुनौती के द्वितीय चरण हेतु विद्यार्थियों का पंजीकरण करेंगे।*

के.मा.शि.बो. विज्ञान चुनौती – प्रथम चरण आयोजन के अनुदेश
(विद्यालयों में दिनांक 02 नवंबर 2026 से दिनांक 13 नवंबर 2026 के बीच आयोजन)

- के.मा.शि.बो. द्वारा उपलब्ध कराए गए विज्ञान चुनौती प्रश्न-पत्र विद्यार्थियों को कक्षा में दिया जाए। इस गतिविधि का निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की निरीक्षण ड्यूटी लगाई जाए।
- इस गतिविधि को पूरा करने के लिए अधिकतम **60 मिनट** का समय निर्धारित है। यह विद्यार्थियों की क्षमता एवं गति आकलन संबंधी परीक्षा है, जिसमें उत्तरों की सटीकता तथा कार्य पूरा करने में लगने वाले समय, दोनों के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा।
- निरीक्षक समय-प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। (परीक्षा प्रारंभ होने का समय नोट किया जाए; विद्यार्थियों को सभी आवश्यक अनुदेश परीक्षा प्रारंभ होने से पहले दे दिए जाएँ; यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी विद्यार्थी एक ही समय पर परीक्षा प्रारंभ करें; निर्धारित समय से पहले प्रश्न-पत्र जमा करने वाले विद्यार्थियों का विवरण नोट किया जाए)
- कुछ विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा से पहले ही प्रश्न-पत्र पूरा कर सकते हैं। निरीक्षक ऐसे विद्यार्थियों की पहचान कर उनके प्रश्न-पत्र जमा करने का समय अवश्य नोट करें।

मूल्यांकन

- विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न-पत्र पूरा करने के पश्चात, के.मा.शि.बो. द्वारा उपलब्ध कराई गई मूल्यांकन कुंजी के अनुसार उनके प्राप्तांकों का निर्धारण किया जाए। विज्ञान चुनौती आकलन में सटीकता एवं गति, दोनों को ध्यान में रखा जाएगा।
- अधिकतम प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को चयन हेतु प्राथमिकता दी जाए।
- यदि दो या दो से अधिक विद्यार्थियों के समान अंक प्राप्त होते हैं, तो कम समय में समान अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को चयन में प्राथमिकता दी जाए।
- कक्षा VIII, IX एवं X से प्रत्येक कक्षा के दो-दो विद्यार्थियों, अर्थात कुल 6 विद्यार्थियों, का चयन किया जाए तथा उन्हें के.मा.शि.बो. पोर्टल पर https://cbseacadit.nic.in/sc/ विज्ञान चुनौती के द्वितीय चरण के लिए पंजीकृत किया जाए।
- **द्वितीय चरण के लिए पंजीकरण दिनांक 17 नवंबर 2026 से दिनांक 25 नवंबर 2026 तक खुला रहेगा।**